5जी, एआई पर शोध के लिए ओप्पो का आईआईटी हैदराबाद के साथ समझौता

हैदराबाद, 27 जनवरी (भाषा) स्मार्टफोन बनाने वाली चीन के प्रमुख ब्रांड ओप्पो ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद के साथ 5जी और कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई) जैसी नए दौर की तकनीकों पर शोध के लिए समझौता किया है। ओप्पो ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि समझौते पर 13 जनवरी को हस्ताक्षर किए गए। इससे उभरती और उन्नत प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक शोध और विचारों के आदान-प्रदान की सुविधा मिलेगी। विज्ञप्ति के अनुसार कैमरा, तस्वीर को प्रोसेस करने, बैटरी, 5जी नेटवर्क और एआई पर अगले दो साल में कई परियोजनाओं पर शोध एवं विकास किया जाएगा।

हैदराबाद, 27 जनवरी (भाषा) स्मार्टफोन बनाने वाली चीन के प्रमुख ब्रांड ओप्पो ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद के साथ 5जी और कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई) जैसी नए दौर की तकनीकों पर शोध के लिए समझौता किया है।ओप्पो ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि समझौते पर 13 जनवरी को हस्ताक्षर किए गए। इससे उभरती और उन्नत प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक शोध और विचारों के आदान-प्रदान की सुविधा मिलेगी।विज्ञप्ति के अनुसार कैमरा, तस्वीर को प्रोसेस करने, बैटरी, 5जी नेटवर्क और एआई पर अगले दो साल में कई परियोजनाओं पर शोध एवं विकास किया जाएगा।

Source: NBT
Date: 28/01/2020